

# खेत में लगी आग, पांच बीघा गेहूं जलकर राख

## पंडोखर धाम की फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 13 अप्रैल।** भांडेर अनुभाग के पंडोखर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ेरा धनौटी मौजे में आज दोपहर करीब 1 बजे अचानक एक किसान के खेत में आग लग गई आग इतनी भयंकर थी की फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही पांच बीघा खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पंडोखर धाम की फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। जबकि शासन द्वारा भेजी गई फायर ब्रिगेड का पानी वाला पाइप फटा था इसलिए वह शोपीस बनी रही। जानकारी के अनुसार ग्राम बडेरा धनौटी मोजे में कृषक राकेश राजपूत के गेहूं की फसल खेत में तैयार खड़ी थी कि अचानक आज सोमवार को दोपहर करीब दोपहर एक बजे गेहूं की फसल में आग लगने से करीब 5 बीघा फसल जल कर राख हो गई है।

ग्रामीणों द्वारा नजदीकी पंडोखर सरकार धाम में स्थित निजी फायर ब्रिगेड हेतु कॉल किया तो पंडोखर से पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर नियंत्रण कर लिया। और आसपास खेतों में खड़ी फसल जलने से रोक लिया। जबकि शासन द्वारा भेजी गई फायर ब्रिगेड दुरुस्त न होने से मौके पर उसका पानी सप्लाई वाला पाइप फटा होने के कारण वह शोपीस बनी रही इससे यह उजागर होता है की शासन प्रशासन त्वरित राहत देने वाले संयंत्र को दुरुस्त रखने में कितनी लापरवाही बरतती है।

# पंडोखर पुलिस ने 21 लाख के जेवरात बरामद किए

## कुख्यात चोरों की गैंग का हुआ खुलासा

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 13 अप्रैल।** पंडोखर पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय कुख्यात चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 21 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों को प्रोटेक्शन रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसके बाद चोरी की कई वारदातों का खुलासा हुआ।

जानकारी देते हुए पण्डोखर थाना प्रभारी रिपूदमन सिंह राजावत ने बताया कि पहले इन आरोपियों को डकैती की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया था। इसके बाद जब गहन पूछताछ की गई, तो 18 फरवरी को पंडोखर और 2 नवंबर को सौजना खिरिया में हुई चोरियों का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 12 तोला सोना और करीब 1 किलो 500 ग्राम चांदी के जेवरात बरामद किए, जिनकी कुल कीमत लगभग 21 लाख रुपए बताई जा रही है।

इस मामले में पुलिस ने सोनू उर्फ कन्हई शाक्य, अमन उर्फ अभिषेक पाण्डेय, आकाश राठौड़, प्रदीप राठौर और बलदाऊ यादव को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे और पुलिस को इनकी तलाश थी।

हालांकि, इस गैंग के दो अन्य कुख्यात सदस्य राजकुमार नागर और राजा राठौर अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# विद्यालय को उच्च शिखर पर ले जाना ही हमारा लक्ष्य रहेगा : श्रीवास्तव

### सरस्वती शिशु मन्दिर के कार्यवाहक प्रधानाचार्य के रूप में नीरज श्रीवास्तव ने संभाला पदभार

**दतिया, 13 अप्रैल।** भाण्डेर में संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर मेला मैदान के कार्यवाहक प्रधानाचार्य का पदभार नीरज श्रीवास्तव ने ग्रहण कर लिया। प्रधानाचार्य नीरज श्रीवास्तव ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि विद्यालय को उच्च शिखर पर ले जाना ही हमारा लक्ष्य रहेगा। आप सभी के सहयोग से ही हम यह कार्य कर सकते है। कार्यक्रम में अशोक नीखरा, भावना परिहार, महेशचंद्र अग्रवाल, राघवेन्द्र सिंह यादव, प्राचार्य विवेक गुप्ता, मुकेश दीक्षित, सत्येन्द्र कुमार दुबे, कृष्ण मुरारी पटेरिया, शिशु ममता शर्मा, रुपेश योगी सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# 20 को निकलेगी भगवान श्री परशुराम की झांकी

**दतिया, 13 अप्रैल।** सभी विप्र बन्धुओं द्वारा हुई सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार अवगत कराया जा रहा है कि दिनांक 20 अप्रैल को भगवान श्रीपरशुराम जी की शोभायात्रा ब्राह्मण समाज की धर्मशाला से प्रात: 9.00 बजे प्रारंभ होगी जोकि तहसील लहार चौराहा पानी की टंकी खाईका बाजार होते हुए घटिया बाजार के रास्ते ब्राह्मण समाज की धर्मशाला पर संपन्न होगी। इस यात्रा के दौरान शोभायात्रा मार्ग पर बिप्र बंधु भगवान परशुराम का तिलक आरती कर स्वागत कर सकेगे एवं ब्राह्मण समाज की धर्मशाला पर श्री भगवान परशुराम के संबंध में अपने विचार रख सकेंगे उपरांत शुल्पाहार के बाद कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा सभी विप्रजनों के विचार मंथन एवं सहमति के उपरांत रखी गई है जो लोग रविवार को हुई बैठक में सहभागिता नहीं कर पाए हैं उन सभी को यह सूचना उनके जानकारी के लिए भेजी जा रही है साथ ही सभी से अपील की जाती है कि वह अपने बंधू वांधवो एवं पुत्र सहयोगियों के सहित श्री परशुराम भगवान की शोभायात्रा के चल समारोह में शामिल होकर सामाजिक गौरव को अक्षुण्ण रखने की कड़ी में अपनी सहभागिता निभाएं।



# पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद अति आवश्यक : चौबे

**उनाव, 13 अप्रैल।** पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकूद बच्चों के लिए अति आवश्यक हैं इससे बच्चों की लंबाई बढ़ती है आलस दूर होता है और अपना हुनर दिखाने का अवसर होता है बच्चों को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ दिन में 1 से 2 घंटे अवश्य खेलना चाहिए जिससे स्वास्थ भी ठीक रहता है उक्त बात उनाव में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते हुए। ब्रह्मचारी संत लमान माता के पुजारी मनोज चौबे ने फीता काटकर कही।

यह एक क्षेत्रीय टूर्नामेंट है और इसमें लगभग 30 टीम खेलेंगी इसमें एंट्री फीस1100 प्रथम पुरस्कार 11000 रुपए द्वितीय पुरस्कार 5151 तृतीय पुरस्कार 1100 एवं चतुर्थ पुरस्कार 1100 इस टूर्नामेंट का शुभारंभ बाल और राष्ट्रगान के साथ किया गया। आज का पहला मैच महाकाल एवं शिकउवा के बीच खेला गया महाकाल टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी जिसमें महाकाल की टीम ने 10 ओवरों में 59 रन लक्ष्य दिया जिसको सिकउवा की टीम ने सहजता के साथ 59 रन बनाकर जीत इस टूर्नामेंट के आयोजक जयेंद्र पंडा अध्यक्ष रवि यादव विशाल कुशवाहा लकी पंडित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा जरूरतमंदों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है : दांगी

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 13 अप्रैल।** भाजपा सरकार गरीब किसान, महिला, युवा एवं जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि तथा लाड़ली बहना योजना जैसी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। भाजपा सरकार ने विकास कार्यो को गति दी है और गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है। उक्त बात गांव चलो, बस्ती चलो, चौपाल पर इमलिया मण्डल अध्यक्ष अरविन्द दांगी ने ग्रामीणजनों के बीच कही। इस दौरान गोविन्द्र परिहार, जयराम परिवार, शैलेष दांगी, कमलेश तिवारी, पुष्पेन्द्र कुशवाहा, नीरज दांगी, प्रदीप दांगी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।



इसी तरह भाजपा नगर मंडल द्वारा गाँव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 29 में जन चौपाल की बैठक आयोजित हुई। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क कर उनका सम्मान किया तथा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों पर व्यापक चर्चा की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशांत ढेंगुला, जिला उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता, नगर मंडल प्रभारी किशुन भज्जू राय, जिला सहसंयोजक श्रीमती कुमकुम रावत, सहित नगर मंडल व बूथ समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पुलिस पेंशनर्स संघ ने सौंपा ज्ञापन

**दतिया, 13 अप्रैल।** पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश, जिला इकाई दतिया के जिला अध्यक्ष श्यामलाल बघेल के नेतृत्व में सोमवार को दतिया कोतवाली में एक ज्ञापन उप-निरीक्षक ऋचा डंडौतिया को सौंपा गया। यह ज्ञापन भोपाल स्थित उच्च पुलिस अधिकारियों के नाम संबोधित किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी भारत सिंह चौहान एवं उनकी पत्नी राजश्री चौहान, निवासी मंडला (जिला पन्ना) के विरुद्ध वाहन चेकिंग के दौरान एक पुलिस आरक्षक द्वारा कथित रूप से झूठी एफआईआर दर्ज की गई है। संघ ने आरोप लगाया कि यह प्रकरण तथ्यहीन है और इसे निरस्त (खारिज) किया जाना चाहिए। इसी मांग को लेकर पेंशनर संघ के सदस्यों ने विरोध जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। जिला अध्यक्ष श्यामलाल बघेल ने कहा कि यदि मामले में उचित कार्रवाई नहीं होती है तो आगे आंदोलन किया जाएगा।

# बेटियां भी शिक्षा में परचम लहरा रही हैं : पूर्व विधायक

**नवभारत न्यूज**
**भगुवापुरा, 13 अप्रैल।** बेटियां भी शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहरा रही है ग्राम भगुवापुरा के जनपद सदस्य ज्ञान सिंह राजपूत की बेटी करिश्मा राजपूत आज एमबीबीएस डॉक्टर बनकर गांव आई है।



उन्होंने न केवल अपने गांव परिवार और जिले का बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है वह चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर और आगे ख्याति अर्जित करें मैं उनके उज्जवल भविष्य और सुख में जीवन की कामना करता हूं यह बात सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने कहीं वह ग्राम भगुवापुरा में ज्ञान सिंह राजपूत जनपद सदस्य की पुत्री करिश्मा राजपूत के एमबीबीएस डॉक्टर बनने के पश्चात भगुवापुरा आगमन पर आयोजित सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बेटियां भी अब किसी क्षेत्र में पीछे नहीं है। बेटियों को आगे बढ़ना चाहिए उनका पढ़ना चाहिए यह बात हम ज्ञान सिंह राजपूत से सीख सकते हैं उनकी दूसरी बेटी हुई एमबीबीएस डॉक्टर की पढ़ाई कर रही है। महिलाओं को आगे बढ़ाऐंगे, तभी समाज प्रगति करेगा। इस अवसर पर ज्ञान सिंह राजपूत एवं ग्रामीण जनों ने पूर्व विधायक घनश्याम सिंह का फूलमाला पहनकर स्वागत सम्मान किया।

# भाविप ने भरी सालभर की फीस

**दतिया, 13 अप्रैल।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था भारत विकास परिषद शाखा दतिया द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए जरूरतमंद छात्रा सारिका अहरिवार की शिक्षा का जिम्मा उठाया गया है। परिषद ने वर्ष 2026-27 की वार्षिक शुल्क राशि का भुगतान कर उसकी पढ़ाई को निरंतर जारी रखने में सहयोग प्रदान किया। यह शुल्क राशि सरस्वती विद्या मंदिर अम्बेडकर शाखा में जमा कराई गई। इस अवसर पर प्रान्तीय गतिविधि संयोजक (सेवा) आदरणीय उमेश विजपुरिया की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान परिषद के सदस्यों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग तक शिक्षा पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए ऐसे प्रयास भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प लिया गया।





# नारी शक्ति ने प्रधानमंत्री मोदी का एलईडी के माध्यम से संबोधन सुना

**दतिया, 13 अप्रैल।** भाजपा जिला कार्यालय दतिया पर नारी शक्ति वंदना सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित नारी शक्ति बंधन सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति को पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक निर्माण में नारी नवभारत की तैयारी कार्यक्रम को संबोधित किया जिसमें दतिया भाजपा कार्यालय पर एलईडी के माध्यम से नारी शक्ति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना जिसमें उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान और उत्थान ही सशक्त एवं समृद्ध भारत की आधारशिला है इस दौरान बड़ी संख्या में नारी शक्ति कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रही साथ में भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी श्रीमती शांति ढेगुला सुलक्षणा गागोटिया ,अवधेश सिंह गुर्जर, कुमकुम रावत, किरण टिलवानी, अनीता अहिरवार, शशि पश्तोर, रेखा रानी सोनी, चांदनी पटवा, सोना सक्सेना अंजू शर्मा, मंजेश रावत, नीलम उदैनियां, प्रिया गुप्ता श्रीमती सुमन व्यास, राजकुमारी वर्मा ,शोभा पुरोहित पूजा गौतम सहित मातृशक्ति कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रही।



# आज हर क्षेत्र में समाज के विकास में महिलाओं का योगदान : वानखड़े

**दतिया, 13 अप्रैल।** महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और अपने उत्कृष्ट कार्यों से समाज एवं प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास का आधार है। महिलाओं के योगदान को पहचान देने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में नारी शक्ति वंदन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उक्त बात नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को करते हुए कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने कही।

उन्होंने चयनित महिलाओं को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय कुमार तेम्रवाल समेत जिले के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




# अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : जिलाधीश

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती में प्राप्त दावा-आपत्ति प्रकरणों में निराकरण से असंतुष्ट आवेदक कलेक्टर न्यायालय में अपील कर सकते हैं

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 13 अप्रैल।** सभी प्राथमिकता वाले कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं, अन्यथा कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उक्त बात जिलाधीश स्वाप्निल वानखड़े ने कही।

उन्होंने कहा कि स्वगनणना के कार्य को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से ले। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती में प्राप्त दावा-आपत्ति प्रकरणों में निराकरण से असंतुष्ट आवेदक कलेक्टर न्यायालय में अपील कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि फसल बीमा एवं फसल सर्वे कार्य समय पर पूर्ण हों, ताकि किसानों को योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने सीएमओ इंदरगढ़ को कड़ी चेतावनी दी।

अतिक्रमण हटाने के संबंध में कलेक्टर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इंदरगढ़ स्थित शीतला माता मंदिर एवं पीतांबरा मंदिर के आसपास से अतिक्रमण हटाया जाए, ताकि श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यातायात बाधित न हो।

# पीजी कॉलेज में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 13 अप्रैल।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दतिया में सोमवार को शासन के निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन सम्मेलन जिसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित किया गया का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ के समक्ष किया गया। साथ ही शासन निर्देशित नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत प्रथम चरण के कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जयश्री त्रिवेदी की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन वंदन के साथ हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ जयश्री त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को इस जागरूकता अभियान से जुड़ने तथा इसके प्रचार प्रसार करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपिका ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रतिभा पाण्डेय विभागाध्यक्ष हिंदी ने किया। कार्यक्रम में द्वितीय चरण में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे महिला पुरुष दौड़, शतरंज, बैडमिंटन आदि का आयोजन खेल प्रभारी डॉ. मुकेश गुर्जर के निर्देशन में किया गया।

इस अवसर पर डॉ. एस के पाण्डेय, डॉ सीमा सिंह, डॉ. रजनी, डॉ. ममता शर्मा, डॉ. छाया राहुल, डॉ. अभय राहुल, डॉ. के.एस. दादोरिया, डॉ. एस.आर. लाहौरिया, डॉ. भगवान सिंह, डॉ. चारु सिंह, डॉ. इंदु, डॉ. अनुराधा समाधियां, आशीष दीक्षित तकनीकी सहायक सहित समस्त महाविद्यालय स्टॉफउपस्थित रहा। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एन सी सी इकाई एवं इको क्लब एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

# डॉ . भीमराव अंबेडकर जयंती आज

**इन्दरगढ़, 13 अप्रैल।** भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जंयती 14 अप्रैल आज को नगर के डॉ. अंबेडकर पार्क में मनाई जायगी। उक्त जानकारी समाजसेवी महेश कुमार जाटव ने बताया कि 14, अप्रैल को 3 बजे मनाई जायगी। कार्मकृम के मुख्य अतिथि आरके सगर डीआईजी -2 बटालियन ग्वालियर होंगे , तथा देवीलाल जाटव किसान मजदूर नेता कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।



# बच्चे अपने गुरुजनों और माता-पिता का सम्मान करें : सुनीता गंधी

**दतिया, 13 अप्रैल।** उषांकर चौरिटेबल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट मुख्य शाखा सागर की ओर से दतिया में चल रही नि:शुल्क कोचिंग संचालिका श्रीमती अंजलि अमित गुगोरिया द्वारा ट्रस्ट के स्थापना दिवस एवं नि:शुल्क कोचिंग के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय गहोई वैश्य समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गंधी अध्यक्षता ट्रस्ट के सदस्य श्रीमती शकुंतला गुगोरिया एवं विशेष अतिथि के रूप में शिक्षक श्रीमती कल्पना तिवारी समाजसेवी श्रीमती रजनी बिचपुरिया एवं श्रीमती अंजू गुगोरिया अजय गुप्ता श्रीमती नैंसी गंधी मुख्य रूप से उपस्थित रहे सर्वप्रथम माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद बच्चों से सीधे संवाद कर सामान्य ज्ञान प्रश्नों को पूंछा जिस पर बच्चों ने सभी प्रश्नों का सही जबाव दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गंधी ने कहा कि इस तरह का कार्य सराहनीय है उन्होंने बच्चों से कहा कि पढ़ाई पर ध्यान दें। समय पर विद्यालय आये जो होमवर्क दिया हो उसे समय पर पूरा करें, अपने गुरूजनों और माता-पिता का सम्मान करें। इसके बाद बच्चों को सम्मानित किया।

# वार्ड 55 में डेढ़ करोड़ की सीसी सड़कों का लोकार्पण

**ग्वालियर, 13 अप्रैल।** शहर के वार्ड 55 में विकास कार्यों की श्रृंखला लगातार आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में सोमवार को खजांची बाबा पर सभापति निधि द्वारा डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से निर्मित अनेक सीसी सड़कों का लोकार्पण एवं 21 दिव्यांग हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि वार्ड 55 के इस क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं, और सभापति श्री मनोज तोमर की सक्रियता के चलते वार्ड में पानी सीवर एवं सड़क की समस्याओं का निराकरण हुआ है और निरंतर क्षेत्र का विकास कार्य चलता ही रहेगा। उन्होंने कहा कि नेतृत्व यदि सक्षम हाथों में हो तो विकास सुनिश्चित होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सभापति श्री मनोज तोमर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं हमेशा तत्पर रहता हूं हमारे यहां जो भी क्षेत्र की किसी भी समस्या के लिए आता है मैं लगातार विकास के लिए निगम प्रशासन जिला प्रशासन एवं शासन तक प्रयास कर समस्या का निराकरण करने के लिए संघर्ष करता हूं आज इसी का परिणाम है कि क्षेत्र में विकास के कार्य लगातार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहां पास में ही शहर का सबसे बड़ा कचरा डंपिंग क्षेत्र था जिसे मैं खत्म कराया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंझवार, लियाकत चाचा, अख्तर अली, अशोक खान, सलीम अब्बासी, यूनुस रजा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी मित्तल ने किया।

**21 दिव्यांगजनों को वितरित की मोटराइज्ड ट्राई साइकिल :** कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर एवं सभापति श्री मनोज तोमर द्वारा दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करने के लिए 21 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण किया गया। जिसमें श्री कपिल राठौर, धीरज वर्मा, महेश पाल, अर्जुन सिंह कुशवाह, हल्के सिंह कुशवाह, श्रीमती मंजू प्रजापति को ट्राई साइकिल वितरण की गई।